




नवभारत 7
भोपाल, सोमवार,21 जुलाई 2025

# राशि के अभाव में पारिवारिक कलह बढ़ी

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक सम्मेलन के पात्र हितग्राही भटक रहे चेक के लिए, बजट नहीं आ रहा

नवभारत न्यूज
(अवनीश जैन)

**सागर 20 जुलाई. मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सागर जिले के विभिन्न स्थानों पर हुए सामूहिक विवाह सम्मेलनों के पात्र हितग्राहियों के चैक बजट के अभाव में नहीं मिल पा रहे हैं जिससे पारिवारिक कलह भी बढ़ रही है. बीना और राहतगढ़ में धरना प्रदर्शन और ज्ञापन दे चुके हैं.**

मालूम हो कि मई और जून माह में जिले की लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों में योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न कराए गए जिसमें कुछ विधानसभा क्षेत्रों के हितग्राहियों को तो चैक मिल गए हैं. मगर शेष क्षेत्रों के हितग्राही चैक के इंतजार में आज भी जनपद और नगर पालिका के चक्कर काट रहे हैं. नवीन वित्तीय वर्ष में योजना के तहत बजट का आवंटन न होने के कारण लगभग तीन माह में संपन्न हुए सम्मेलनों के हितग्राहियों को या तो चैक नहीं मिले हैं या फिर आधी अधूरी राशि के चैक दिए गए हैं. उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया में 1119 जोड़ों के विवाह संपन्न हुए थे तो वहीं बीना नगर में 390 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे. जानकारी के अनुसार नरयावली विधानसभा क्षेत्र के मकरोनिया में हुए सम्मेलन के पात्र हितग्राहियों को आज दिनांक तक चैक नहीं मिल सके हैं जिसकी सूचना विधायक कार्यालय के पटल भी लगाई गई. सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत सागर संभाग में सम्मेलनों का आयोजन जनप्रतिनिधियों के माध्यम से संपन्न कराया गया था. जिसमें कई क्षेत्रों के हितग्राहियों को 49 हजार राशि के चैक जारी किए जा चुके हैं तो वहीं आज की स्थिति में सागर जिले में ही बीना और राहतगढ़ सहित अन्य निकायों और पंचायतों में हुए सम्मेलनों के हितग्राहियों की संख्या लगभग 4 हजार है जिनको चैक नहीं मिले हैं. इनमें से भी कुछ ऐसे हितग्राही हो सकते हैं जो सम्मेलन में शामिल न हुए हों. तो वहीं राहतगढ़ नगर परिषद में भी सम्मेलन के हितग्राही चैक के इंतजार में है.

बीना विधानसभा क्षेत्र के नपा बीना और जनपद बीना में हुए सम्मेलनों के हितग्राहियों को चैक नहीं मिल सके हैं. बीना नपा में पंजीकृत 415 आवेदकों में से 390 के विवाह सम्मेलन के माध्यम से संपन्न कराए गए थे. योजना की राशि न मिलने पर कांग्रेस के बैनर तले प्रदर्शन भी किया गया. जिसमें पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर ने कहा था कि कन्यादान योजना के तहत जिन बहनों की शादी हुई, वह आज चैक के लिए परेशान हो रही हैं. एक हितग्राही की ओर इशारे करते हुए कहा कि उसको ससुराल वाले कहते हैं कि तुम्हें पैसा मिल गया और तुम दे नहीं रही हो? ऐसी स्थिति में कई कन्याएं जिनकी शादी हो चुकी वह पारिवारिक कलह से जूझ रही हैं. उन्होने कहा कि आज फिर कुछ हितग्राहियों ने मोबाइल पर सूचना दी है कि कल सोमवार को उनके साथ सर्वोदय चौक बीना में ज्ञापन देंगे. श्री ठाकुर ने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत जानकारी निकाली तो नपा बीना में पंजीकृत हितग्राहियों में से 390 के विवाह संपन्न कराए गए हैं और केवल 62 हितग्राहियों को आधी-अधूरी राशि के चैक दिए गए हैं. तो वहीं 353 हितग्राहियों को कोई रिकॉर्ड कार्यालय में उपलब्ध नहीं है. यही स्थिति जनपद पंचायत कार्यालय की है. जहां चैक के लिए इंतजार करना पड़ रहा है.

# मूंग खरीदी केंद्रों में अनियमितताओं की शिकायत

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 20 जुलाई. समर्थन मूल्य पर मूंग देने के लिए किसानों को खरीदी केंद्रों पर परेशान होना पड़ रहा है.**

जानकारी के अनुसार कई दिनों तक ट्रैक्टरों में अनाज भरकर वेयरहाउस में वक्त गुजारना पड़ रहा है. समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है लेकिन केंद्र संचालकों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है. बताया जा रहा है कि खरीदी केंद्र संचालक द्वारा किसानों की जगह व्यापारियों को फायदा दिया जा रहा है. गौरझामर मूंग खरीदी केंद्र, बूढ़े वेयरहाउस केसली रोड पर सेवा सहकारी समिति चरगुंवा व सेवा सहकारी समिति वोरिया केंद्र पर किसानों ने आरोप लगाया है कि मूंग खरीदी केंद्र पर हर एक किसान से 300 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से वसूली की जा रही है. इसके बाद ही खरीदी की जा रही है.



केंद्रों पर होने वाली धांधली को रोकने के लिए अधिकारियों द्वारा कोई जांच नहीं की जा रही है, जिससे किसानों को परेशानी हो रही है. बिना छानी मूंग खरीदी जा रही है. जानकारी के अनुसार किसानों से मूंग खरीदी के एवज में लिए जा रहे है सैकड़ो रुपए, किसान गर्मियों में मूंग की फसलों को तैयार करते है जिसको सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है, जिसमें समिति प्रबंधक द्वारा कचरा के नाम पर 300 से 500 रुपए प्रति क्विंटल लिया जा रहा है. मामला गौरझामर के बूढ़े वेयर हाउस का है, किसान ने बताया कि मूंग को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए 300 से 500 रुपए प्रति क्विंटल लिया जा रहा है. बता दें कि सरकार व सरकारी कर्मचारियो की मिलीभगत से किसानों को लूटा जा रहा है. इस मामले में **एसडीएम देवरी मुन्नवर खान** का कहना है कि मूंग खरीदी केंद्र पर किसानों को किसी भी प्रकार का पैसा नहीं देना है, जो भी केंद्र संचालक पैसे ले रहे हैं उन पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी.

## एक नजर में



### खाद बीज समस्या पर कांग्रेसियों का ज्ञापन

**राहतगढ़.** कांग्रेसियों ने खाद बीज एवं अन्य समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा. इससे पहले कांग्रेसियों ने बस स्टैंड से तहसील कार्यालय तक रैली निकाली. कांग्रेस नेता नीरज शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में सोयाबीन मक्का आदि कि फसलें ज़्यादा वर्षा से खराब हो चुकी है, उनका जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा मिले साथ ही वर्तमान में किसान खाद और बीज की समस्या से जूझ रहे है. कांग्रेस नेता राजकुमार सिंह धनोरा ने कहा कि खाद बीज की कालाबाजारी का खेल जमकर चल रहा है. इस दौरान गोलू राय, बाबूसिंह लोधी, लालमियां कुरैशी, प्रहलाद पटेल, पुष्पेंद्र मीणा, जगदीश लोधी, युसूफ मंसूरी, राजू पटेल, अनिल ताम्रकार, नंदकिशोर भारती, रुस्तम शाह, आरिफ खान, नितेश शर्मा, नीलू गोस्वामी, विवेक राय, सलाम, नसीम, फहीम, ताहिर, शेरा कुरैशी, अबू हुरैरा, मुस्तफा, अफसर खान, नहीम, शादाब, कामिल मंसूरी मौजूद थे.



### ननि में ईएसआईसी शिविर का आयोजन

**सागर.** नगर पालिक निगम के सभाकक्ष में राज्य कर्मचारी बीमा निगम सागर शाखा प्रबंध मुकेश शर्मा ने बताया कि कर्मचारी को चिकित्सा बीमारी मातृत्व रोजगार चोट एवं मृत्यु की स्थिति में नगद भुगतान का लाभ मिलेगा. निगम संस्थानों में जो एजेंसी /ठेकेदारों द्वारा अभी तक पंजीयन नहीं कराया है, शीघ्र करावे जिसे वह देय जुर्माने बच सके. शिविर में सहायक लेखाधिकारी हर्ष केसरवानी, सहायक आयुक्त तबस्सुम खान, नीतू तिवारी, चंद्रविजय गौर, मोनू शुक्ला, रोहित तिवारी अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.



### पायलेट प्रोजेक्ट के तहत पेपरलेस चुनाव

**सागर.** जिले में 22 जुलाई को 16 मतदान केंद्रों में पंचायत एवं जनपद पंचायत हेतु मतदान पेपरलेस तरीके से कराए जाएंगे. नवाचार के रूप मे पायलेट प्रोजेक्ट के अतर्गत होने जा रहे इस पेपरलेस चुनावों के बारे मे स्टेट आईकॉन सारिका घारू ने जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया. सारिका घारू ने बताया कि इस नवीन प्रक्रिया में निर्वाचक नामावली, मतदाता पर्चियाँ, मतदाता रजिस्टर एवं विभिन्न प्रारूप लैपटॉप में फीड रहेंगे.




### साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी आयोजित

**सागर.** साहित्य सरस्वती मंच की साप्ताहिक काव्य मंचीय गोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पी आर मलैया ने की. मुख्य आतिथ्य लक्ष्मीनारायण चौरसिया रहे. वरिष्ठ कवि पूरन सिंह राजपूत द्वारा महाविद्यालयीन शिक्षक के पद पर चयनित होने पर कवियों ने बधाई दी. सरस्वती वंदना का पाठ पुष्पेंद्र दुबे करके काव्य गोष्ठी आरंभ की. कार्यक्रम में प्रदीप पांडेय, बेबी खुशबु, डॉ.नलिन निर्मल, एम शरीफ, अमित आढ्या, महबूब ताज, जीएल छत्रसाल, डॉ.गजाधर सागर ने काव्य पाठ किया. संचालन मणिदेव ठाकुर तथा राधाकृष्ण व्यास ने आभार माना.

# नाले से अतिक्रमण हटाया गया

नवभारत न्यूज

**सागर 20 जुलाई. ग्राम केसली में ग्राम ढेचुवा निवासी पप्पू पिता कड़ोरी विश्वकर्मा द्वारा शासकीय नाला भूमि पर पूर्व में दिए गए बेदखली आदेश के बावजूद चोरी-छिपे रात के अंधेरे में अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा था.**

सूचना प्राप्त होते ही नायब तहसीलदार प्रेम नारायण सिंह, सहजपुर हल्का पटवारी तथा अन्य राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण पर तत्काल कार्यवाही की गई.



नियमों के तहत अतिक्रमण हटाया गया तथा शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया.

नायब तहसीलदार श्री सिंह कहा कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और आदेश की अवहेलना करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# मंडी बामोरा में हटाया गया अतिक्रमण, ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**बीना 20 जुलाई. अहिरवार समाज संघ द्वारा कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार हेमराज सिंह मेहर को ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मंडी बामोरा में स्टे ऑडर की अनदेखी कर प्रशासन ने दुकाने अतिक्रमण में जबरन तुड़वाई गई है जिसके विरूद्ध उचित जांच कराई जाकर न्याय दिलाने व नुकसानी दिलवाई जाए. बताया कि कालू राम अहिरवारकी बेंल्डिग दुकान जो 45 साल से चलाकर परिवार की अजीविका चला कर चले आ रहे है एवं प्रार्थी मोहन रैकवार की चाय की दुकान जो 45 साल से चलाकर



अपने परिवार की अजीविका चला कर चले आ रहे है, पूर्व में पट्टे भी आवंटित किये गये थे जिस आधार पर छोटी-छोटी सी दुकाने चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करते आ रहे है. ज्ञापन बताया कि दीपू जैन द्वारा प्रार्थी मोहन रैकवार एवं कालूराम अहिरवार को 10-10 लाख रु का ऑफर दिया गया था कि यहा से दुकाने हटा लो नही तो तुम्हारी दुकाने बुल्डोजर चलवाकर तुड़वा देगें. इस दौरान दशरथ कुमार अहिरवार, नर्मदा अहिरवार, कालूराम अहिरवार, मोहन रैकवार, अमित रैकवार, दयाराम मेंशन, रामसेवक अहिरवार मौजूद थे.

# सहजता से खाद मुहैया कराने के निर्देश

**सागर.** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने अधिकारियों को किसानों को सहजता से खाद मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं. कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो, यह सहकारिता विभाग और कृषि विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें. कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि मकरोनिया, रहली, गढ़ाकोटा, गौरझामर, देवेन्द्र नगर और केसली क्षेत्रों में जहां यूरिया की कमी है वहां यूरिया का वितरण किसानों को सुनिश्चित कराएं.

# मातृ शिशु मृत्यु दर रोकने प्रबंध कराएं

नवभारत न्यूज

**सागर 20 जुलाई. मातृ, शिशु मृत्यु दर रोकने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाए एवं गर्भवती माताओं एवं शिशु की जांच एवं टीकाकरण भी समय पर हो साथ ही दो लाख से अधिक 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए शुरू दस्तक अभियान के अंतर्गत दवा खिलाई जाए.**

उक्त निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक केवी ने जिला स्वास्थ्य समिति, जिला टास्क फोर्स समिति एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन, दस्तक अभियान के अंतर्गत आयोजित समीक्षा बैठक में दिए. जिला पंचायत सीईओ विवेक के वी ने निर्देश दिए की शिशु एवं मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए लगातार प्रयास किए जाएं सागर जिले की प्रगति संतोषजनक नहीं है इस हेतु विशेष प्रयास किए जाएं.


उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं के लिए समय पर जांच पंजीयन एवं टीकाकरण हो इसी प्रकार शिशुओं का भी टीकाकरण समय-समय पर किया जाए और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जावे. उन्होंने कहा कि गर्भवती माताओं के पंजीयन, टीकाकरण एवं शिशु के टीकाकरण की समीक्षा प्रतिदिन की जावे इसमें लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में सभी 39 डिलीवरी प्वाइंट पर ही डिलीवरी हो अर्थात संस्थागत डिलीवरी की जावे घर पर डिलीवरी होने पर संबंधित एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं विकासखंड मेडिकल अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी.

उन्होंने कहा कि बीएमसी जिला चिकित्सालय सहित 39 डिलीवरी प्वाइंट पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जावे जिससे कि गर्भवती माता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े.

# संस्कार भारती की कार्यकारिणी गठित

**ललितपुर.** संस्कार भारती की साधारण सभा प्रांतीय मंत्री डा.शील कुमार कोपरा के मुख्य आतिथ्य तथा संजय तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में की गई. प्रांत मंत्री द्वारा इकाई के कार्यकाल की समाप्ति की घोषणा कर सर्वसम्मति से ब्रजमोहन संज्ञा को अध्यक्ष, जयशंकर द्विवेदी, लक्ष्मीनारायण शर्मा को उपाध्यक्ष, केके पाठक को सचिव, डा.दीपा सिंधी को कोषाध्यक्ष, सुदेश सोनी को साहित्य, सर्वेश श्रीवास्तव को दृश्य कला, बृजेश शर्मा को धरोहर कला प्रमुख मनोनीत किया है.

# स्कूल में स्थापना दिवस मनाया



नवभारत न्यूज

**सागर 20 जुलाई. इम्मानुएल हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान कर पुरस्कार वितरण किए.**

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक आशीष अनिल घोटानकर ने कहा कि यह विद्यालय 100 वर्षों से संचालित है. विगत वर्षों में छात्र-छात्राओं ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए. चयनित वैष्णवी ठाकुर, अरहम जगाती, जिज्ञासा कुर्मी, अनादी जैन, अनन्या शाक्य को बधाई दी. इस अवसर पर धर्मेंद्र वर्मा, आशीष नेमा, राजेंद्र भदौरिया, एमएल तिवारी, मीना यादव, एमएस तिर्की, मेघना दुबे दीपक नेमा, फिरोज मौजूद थे.



# विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 20 जुलाई. नरयावली विधायक प्रदीप लारिया की अध्यक्षता में एवं नपा अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार की उपस्थिति में नगर पालिका मकरोनिया अंतर्गत प्रगतिरत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक नपा सभाकक्ष में आयोजित की गई. विधायक लारिया ने शहर के विभिन्न विकास कार्यों पर विशेष चर्चा की एवं निर्देश दिए गए.**

बैठक में लव-कुश मंदिर एवं सामुदायिक भवन निर्माण,शबरी सरोवर झील के पुनरूद्धार कार्य, मकरोनिया चौराहा सौन्दर्यीकरण, भारत माता के पास चौपाटी निर्माण, रिलायंस ट्रेंड्स शोरूम के पास चौपाटी निर्माण एवं शौचालय निर्माण कार्य, वार्ड क्र.-4, गंभीरिया में इंडोर स्टेडियम एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य सहित आवश्यक विषयों पर चर्चा हुई. विधायक श्री लारिया ने अमृत 2.0 योजनान्तर्गत निकाय क्षेत्रांतर्गत पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने के साथ ही नपा क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने संबंधितों को निर्देशित किया.

# धरना प्रदर्शन कल

**सागर.** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आव्हान पर 22 जुलाई को पुरानी कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सकंट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में पेन्शनरों की सभा होगी.प्रदर्शन कर एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में राज्य बटवारे की धारा 49/6 को समाप्त करने जनवरी 2025 से बकाया महंगाई भत्ता 2 प्रतिशत को देय दिनांक से स्वीकृत करने और बकाया एरियर्स के भुगतान आदि मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा जाएगा. हरिओम पाण्डेय, ब्रजबिहारी उपाध्याय, सुदामा प्रसाद रैकवार, अरबिंद चौबे, मुन्नालाल सेन, बीडी साहू, राजू स्वर्णकार, एनके श्रीवात्री, विजय मिश्रा आदि ने कहा कि 22 जुलाई को संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में दोपहर 3 बजे मौजूद रहे.

# रेलवे के सेवानिवृत्त कर्मचारी के मकान में चोरी

नवभारत न्यूज

**खुरई 20 जुलाई. यह कोई काल्पनिक नहीं हकीकत है कि शहरी थाना प्रभारी रही शशि विश्वकर्मा का 23 माह का कार्यकाल असफलताओं से भरा रहा, वह अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकामयाब साबित हुई.**

इस दौरान चोरों उचक्कों और अवैध शराब बेचने वालों का बोलबाला बना रहा यहां तक कि वह शहरी थाना प्रभारी के पद से रिलीव होती है, गत रात्रि में चोर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देकर उन्हें और पुलिस की व्यवस्था को चुनौती देते हैं. जानकारी के अनुसार खिमलासा रोड स्थित ऋषभ कुमार वार्ड में एक गजब की चोरी का मामला सामने आया है, जहां रेलवे के रिटायर कर्मचारी के घर के लोग



गहरी नींद में सोते रहे और चोरो ने चोरी की घटना को इतनी चालाकी से अंजाम दिया कि परिवार को कुछ भी पता नहीं चला, जब परिवार के सदस्य सुबह नींद से जागे तो घर की हालत देखकर उनके पैरों के तले जमीन खिसक गई थी.

यह मामला खिमलासा रोड के ऋषभ कुमार वार्ड में स्थित कॉलोनी का है. जहां रेलवे से रिटायर कर्मचारी सुमेर सिंह राय परिवार के साथ करीब दस सालों से रह रहे हैं, बीती रात घर के सभी लोग खाना खाने के बाद सोने के लिए चले गए, जब वह तड़के सुबह करीब साढ़े चार बजे उठे तो उन्होंने देखा कि घर का मेन गेट खुला हुआ है, उन्हें कुछ शंका हुई तो उन्होंने सभी को उठाया और देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है और घर के एक कमरे में रखी दो पेटीयां गायब थीं.

# गौर के संकल्पों के अनुरूप कार्य करना दायित्व

नवभारत न्यूज

**सागर 20 जुलाई. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में स्थापित गौर पीठ एवं गौर संग्रहालय समिति की बैठक कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में गौर समिति कक्ष में आयोजित की गई.**

बैठक में गौर पीठ की गतिविधियों को आगे बढ़ाने, गौर पीठ के हेतु दान के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने और गौर पीठ के लिए प्राप्त राशि के सदुपयोग, गौर संग्रहालय के स्वरुप को भव्य आकार देने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई. इस अवसर पर समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने कहा कि डॉ.



गौर ने इस विश्वाविद्यालय की स्थापना की जिससे हम कभी उऋण नहीं हो सकते. उन्होंने कहा कि विदेशों में भी ऐसे लोग हैं जो सागर शहर और डॉ गौर के प्रति अपनी श्रद्धा रखते हैं. उनको गौर पीठ से जोड़ने के लिए एन आर आई प्रकोष्ठ का गठन किया जाना चाहिए. इस अवसर पर कुलपति प्रो. गुप्ता ने कहा कि डॉ. गौर के संकल्पों को पूरा करने की दिशा में विश्वविद्यालय अपनी भूमिका निभा रहा है. इस दौरान विवि के पूर्व छात्र शहर के कपिल पचौरी ने पचीस हजार रूपये की राशि गौर पीठ को प्रदान की. यह राशि उन्होंने कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता को सौंपी.

# व्यापारियों में नाराजगी

**ललितपुर.** जिला पंचायत में वर्ष 2016-17 के समाधान हो चुके संपत्ति एवं विभव कर बकाया के संबंध मे कस्बा बार, बानपुर, तालबेहट, जखौरा, बिरधा, धौर्रा आदि कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे-छोटे व्यापारियों की आर सी जारी की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों में रोष व्याप्त है. इस संबंध में उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने जिला पंचायत जाकर अपर मुख्य अधिकारी से भेंट की. व्यापारियों ने कहा कि विभाग द्वारा जिस वर्ष की रिकवरी आरसी के माध्यम से जारी की गई है, उनका समाधान हो चुका था, उस वर्ष की आर.सी.जारी करना विधि विरुद्ध है.


## कब्जे की सूचना - (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था। उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहा है, इसलिए उधारकर्ता और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से कोई भी लेन-देन आईआईएफएल एचएफएल के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि के साथ ब्याज के साथ है। "उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "आईआईएफएल एचएफएल" के बकाया को सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों के साथ चुका देता है, तो सुरक्षित संपत्ति "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेची या हस्तांतरित नहीं की जाएगी और सुरक्षित संपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री रघुनन्दन शर्मा, श्री बृजनंदन शर्मा श्रीमती दुगार्बाई बैरागी (संभावना सं. आईएल10744893) | खसरा संख्या 224, फोन 188, ग्राम गेहुरास बुजुर्ग, तहसील जस्सीनगर, जिला सागर, मध्य प्रदेश, भारत, 470051 का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफल: 900.00, 900.00। | रु.454069/- (चार लाख चौवन हजार उनहत्तर मात्र) | 20/03/2025 | 15/07/2025 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर जोन II, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011 या कॉपोरेट कार्यालयः प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः सागर,
दिनांकः 21-07-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।